रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-118/2022/1307/22-2-2022-17(358)/2022

लखनऊ: दिनांक: 14 अगस्त, 2022

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी श्यामू (बन्दी संख्या-27762) पुत्र श्री भगवानदीन, जो-बरौली, थाना-देवराहट, जनपद-कानपुर देहात का निवासी है, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-07/1999 में भा0द0वि0 की धारा-147,148,302/149 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 एक्ट (अत्याचार निवारण अधिनियम), कानपुर देहात के आदेश दिनांक 04.07.2014 द्वारा आजीवन कारावास से दंण्डित किया गया, बंदी द्वारा दिनांक 09.03.2022 तक 08 वर्ष, 05 माह, 28 दिन की अपरिहार सजा 10 वर्ष, 05 माह, 23 दिन की सपरिहार भोगी गयी सजा एवं संतोषजनक जेल आचरण तथा दयायाचिका समिति द्वारा बंदी की 80 वर्ष आयु, बन्दी द्वारा अपरिहार 08 वर्ष, 05 माह, 28 दिन तथा सपरिहार 10 वर्ष, 05 माह, 23 दिन की भोगी गयी सजा, सन्तोषजनक जेल आचरण तथा पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, कानपुर देहात द्वारा रिहाई का विरोध किये जाने का कोई ठोस एवं तथ्यात्मक आधार अंकित नहीं किए जाने के दृष्टिगत, शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बंदी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, कानपुर देहात के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

कृष्ण कुमार सिंह
उप सचिव ।

संख्या-118/2022/1307(1)/22-2-2022 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0।
2- जिला मजिस्ट्रेट, कानपुर देहात ।
3- पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात ।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़।
5- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री(स्वतन्त्र प्रभार), कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
कृष्ण कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in